# कार्यालय नगर निगम, सहारनपुर।

पत्रांकः 459 /स्वा0वि0/ननि0सहा0/2025–26 दिनांकः 23 अगस्त 2025

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना द्वारा ई–टैण्डर**

नगर निगम सहारनपुर द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जाहरवीर शिरोमणि गुग्गावीर जी की स्मृति में उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक मेला गुघाल 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिस हेतु मेला गुघाल परिसर एवं मेला म्हाड़ी पर सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था, कीटनाशकों का छिडकाव ,चूना छिडकाव एवं रंगोली सम्बन्धित कार्य हेतु इच्छुक अनुभवी फर्मे/ठेकेदार दिनांक 28.08.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक पुनः वेबसाईट **www.etender.up.nic.in** पर निविदाएं ठेकेदार/फर्मो से निर्धारित शर्तो के आधार पर आमन्त्रित की जाती हैं। सभी निविदाएं अभिलेख एवं शर्तें वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर दिनांक 25.08.2025 से दिनांक 28.08.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है, तथा ठेकेदार/फर्म दिनांक 28.08.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर आनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते हैं, ठेकेदार/फर्म को निविदा के साथ अंकन रूपये 1,00,000/– (एक लाख रूपये) जमानत राशि की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/सी0डी0आर0 एवं निविदा मूल्य अंकन रू0 1298/– ऑनलाईन व्यवस्था के अन्तर्गत देय होगा। निविदादाता की उपस्थिति में निविदा समिति के समक्ष दिनांक 28.08. 2025 को सांयकार 04:00 बजे प्राप्त ऑनलाईन निविदाऐं खोली जायेगा। बिना जमानत राशि एवं सशर्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, सहारनपुर में निहित होगा। निविदा सम्बन्धित कोई भी जानकारी स्वास्थ्य अनुभाग में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| E BID REFERANCE | Mela Gughal/Safai/2025 |
| PUBLISH DATE AND TIME FOR RFP | 25-08-2025 |
| PRE-BID MEETING FOR BIDDER | 26-08-2025 |
| LAST DATE AND TIME FOR SUBMISSION OF E- BIDS | 28-08-2025 at 2:00 PM |
| DATE AND TIME OF OPENING OF ON LINE TECHNICAL E- BIDS | 28-08-2025 at 4:00 PM |
| PLACE OF OPENING OF E-BIDS | Nagar Nigam Office (Sre.) |
| E-BIDS SECURITY | 1,00,000/- for FDR |
| E-TENDER DOCUMENT PROCESSING | 1298/- DD (अप्रतिदेय) |

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर

**प्रतिलिपि –**

1. माननीय महापौर महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ।
2. नगर आयुक्त महोदया की सेवा में सादर सूचनार्थ।
3. लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर को सूचनार्थ।
4. निविदा समिति को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. आई.टी.ओ., नगर निगम, सहारनपुर, को नगर निगम की वेबसाईट **saharanpurnagarnigam.com** पर अपलोड करने हेतु।
6. प्रबन्धक दैनिक जागरण एवं दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र को इस आश्य से कि उक्त सूचना का प्रकाशन अपने समाचार पत्र में कम से कम स्पेस में 09 फोन्ट में डीएवीपी दर/शासकीय दर पर प्रकाशित कर, बिल 03 प्रतियों सहित भुगतान हेतु प्रस्तुत करें। अधिक फोन्ट में प्रकाशन किये जाने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। जिस हेतु कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।
7. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
8. गार्ड फाईल हेतु।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर

Scanned with CamScanner

# विस्तृत शर्तें

**शर्तें बाबत मेला गुघाल वर्ष 2025 में म्हाड़ी मेला एवं गुघाल मेला परिसर की सफाई व्यवस्था हेतु ::–**

1. उपरोक्त निविदा ई–टैण्डर के माध्यम से प्राप्त की जानी है। वेबसाईट **www.etender.up.nic.in** पर निविदाएं मय जी0एस0टी0 दर प्राप्त की जानी है।
2. सहारनपुर के सुप्रसिद्ध मेला गुघाल वर्ष 2025 दिनांक 02.09.2025 से संपूर्ण मेला परिसर मार्गों पर सफाई व्यवस्था व चूना पाउडर का छिड़काव कराये जाने एवं रंगोली आदि बनवाने की जिम्मेदारी न्यूनतम निविदादाता की होगी।
3. मेला दिनांक 02.09.2025 से प्रारंभ हो रहा है। दिनांक 02.09.2025 से गोगा म्हाडी स्थल पर मेला म्हाडी आयोजित होगा व दिनांक 05.09.2025 से 24.09.2025 तक मेला गुघाल परिसर में आयोजित होगा। उपरोक्त कार्य मेला प्रारंभ होने से 01 दिन पूर्व प्रारंभ करना होगा तथा मेला समापन होने के 01 दिन पश्चात तक मेले परिसर में सफाई सम्बन्धित कार्य करना होगा।
4. कीटनाशक दवाई हेतु स्प्रे मशीन व आदि नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी एवं छिड़काव करने वाला कर्मचारी न्यूनतम निविदादाता का होगा।
5. निविदा मूल्य अंकन रू0 1298/– एवं धरोहर राशि अंकन रू0 1,00,000/– **etender.up.nic.in** पर ही ऑनलाईन व्यवस्था के अन्तर्गत देय होगी।
6. निविदादाता को निविदा के साथ चरित्र प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन, कार्य के अनुभव का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
7. निविदादाता को नगर पालिका परिषद/नगर निगम/सरकारी संस्थाओं में कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. निविदादाता/फर्म को यह घोषित करना होगा कि फर्म/कम्पनी को किसी भी सरकारी विभाग द्वारा ब्लैकलिस्टेड नहीं किया गया है।
9. सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार को उनकी निविदा स्वीकृत होने पर निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपर पर नियमानुसार अनुवन्ध कराना होगा।
10. न्यूनतम निविदादाता को उक्त कार्य के दौरान नगर निगम सहारनपुर द्वारा कोई भी अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।
11. कार्य के समय स्वीकृत निविदादाता/उसके श्रमिक के साथ कोई घटना/दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी स्वीकृत निविदादाता की होगी।
12. नियमानुसार देय कर अदा करने की जिम्मेदारी स्वीकृत निविदादाता की होगी।
13. यह की मेला अवधि तक सफाई कार्य चूना एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव में कमी पायी जाने पर सक्षम अधिकारी की आज्ञा अनुसार बिल से कटौती की जायेगी।
14. स्वीकृत निविदादाता को अपने श्रमिक मय सभी आवश्यक उपकरण (झाडू, तसला, फावड़ा, मास्क, गलब्स आदि) उपलब्ध कराने होंगे।
15. न्यूनतम निविदादाता को समस्त मेला परिसर में मेला अवधि में 24 घण्टे तीन शिफ्ट में सफाई, चूना आदि एवं नाला नाली की सफाई कर नियत स्थान पर कूड़ा करकट इकट्ठा करना होगा तथा निगम द्वारा उपलब्ध कराये गये वाहनों से उठवाना होगा।
16. निविदादाता अपने सफाई कर्मियों को ड्रेस में रखेंगे, वह सफाई कर्मियों की ड्रेस का नमूना नगर स्वास्थ्य अधिकारी से प्रमाणित करायेंगे।
17. न्यूनतम निविदादाता को कर्यक्रम अनुसार मेला म्हाडी परिसर की 24 घण्टे 03 शिफ्टों में विशेष सफाई करानी होगी एवं मेले में 24 घण्टे स्वच्छताकर्मी तैनात रखने होंगे एवं नियत/उचित स्थान पर कूड़ा करकट इक्ट्ठा कर नगर निगम से प्राप्त वाहनों से उठवाना होगा।
18. न्यूनतम निविदादाता को प्रतिदिन सफाई के साथ–साथ चूना एवं कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव कराना होगा एवं आवश्यकतानुसार एवं निगम अधिकारियों के निर्देशानुसार रंगोली आदि भी बनवानी होगी।
19. स्वीकृत निविदादाता को उक्त सफाई आदि के कार्य हेतु 60 सफाई श्रमिक व 04 सुपरवाईजर प्रातः से अपरान्ह 02:00 बजे की शिफ्ट में, 60 सफाई श्रमिक अपरान्ह 02:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे की शिफ्ट व 10 सफाई श्रमिक व 02 सुपरवाईज रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 10:00 बजे तक की शिफ्ट में मेला अवधि तक लगाने होंगे, सभी सफाई श्रमिक के पास फोटोयुक्त पहचान पत्र होगा। जिसमें उनका आधार कार्ड संख्या व सम्पर्क मोबाईल नम्बर अंकित होगा। निविदादता को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि नगर निगम का कोई सफाई कर्मी अथवा अन्य कर्मी निविदादाता के अधीन कार्य नहीं कर रहा है।

सी0 एस0 आई0
नगर निगम, सहारनपुर

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम
सहारनपुर

Scanned with CamScanner

20. न्यूनतम निविदादाता को सम्बन्धित सफाई निरीक्षक/मुख्य सफाई निरीक्षक प्रथम/द्वितीय एवं उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार समस्त कार्य करना होगा तथा प्रत्येक शिफ्ट की समाप्ति पर संतुष्टि प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा भुगतान हेतु प्रत्येक शिफ्ट उपरान्त प्राप्त संतुष्टि प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।

21. निविदादाता को मेला परिसर की सफाई लगातार करते हुए पूरे मेला परिसर को मानकों के अनुरूप स्वच्छ रखना होगा तथा मेला परिसर में नगर निगम के स्थायी/अस्थायी व मोबाईल शौचालय में 24 घंटे अपने सफाई श्रमिक सफाई हेतु तैनात रखने होंगें। निविदादाता को मेला परिसर की सफाई लगातार करते हुए पूरे मेला परिसर को मानकों के अनुरूप स्वच्छ रखना होगा तथा मेला परिसर में नगर निगम के स्थायी/अस्थायी व मोबाईल शौचालय में 24 घंटे अपने सफाई श्रमिक सफाई हेतु तैनात रखने होंगें।

22. किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा बिना कारण बनाये अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदया में निहित होगा।

23. कीटनाशकों का उपयोग मानक के अनुरूप किया जाना होगा एवं सभी शर्तों के अनुरूप कार्य किया जाना होगा अन्यथा की दृष्टि में निविदादाता की धरोहर राशि जब्त करते हुये, काली सूची में डाल दिया जायेगा।

24. शर्त पूरी नहीं करने वाली निविदा एवं सशर्त किसी भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और उसकी निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

25. किसी भी विवाद की स्थिति में वाद का निस्तारण सहारनपुर न्यायालय में ही होगा।

CSI

सी0 एस0 आई0
नगर निगम, सहारनपुर

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम
सहारनपुर

Scanned with CamScanner